कार्यालयः– छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित

ग्राम– उरला, पो. – बी. एम. वाय. चरोदा , जिला दुर्ग(छ.ग.)

क्रमांक / 680 / छगदुमस / यांत्रिकी / 2020 दिनांक 2.1.5.20

अभिरूचि का प्रदर्शन

प्रबंध संचालक छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महांघ मर्यादित उरला बी.एम.वॉय. चरोदा दुर्ग (छ.ग.) द्वारा मुख्य संयंत्र उरला में पाऊच फिलिंग मशीन के संचालन एवं रख–रखाव हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 18.06.2020 निर्धारित है। इच्छुक निविदाकार दुग्ध महासंघ की वेबसाईट www.cgcoopdairyfed.in पर शर्त एवं अन्य विवरण प्राप्त कर सकते है।

प्रबंध संचालक

छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित

Scanned by CamScanner

निविदा–प्रपत्र

छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित द्वारा मुख्य संयंत्र उरला में मिल्क पाऊच फिलिंग मशीन के संचालन एवं रख–रखाव हेतु सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का स्वरूपः–

- मुख्य संयंत्र उरला में पाऊच फिलिंग मशीन कें संचालन एवं रख–रखाव न्यूनतम लगभग 30000 लीटर प्रतिदिन दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थ की पैकिंग।
- मशीन सुधार हेतु लगने वाले स्पेयर पार्टस यदि मरम्मत योग्य है तो मरम्मत कार्य ठेकेदार द्वारा निशुल्क किया जायेगा। नवीन पार्टस लगाये जाने की स्थिति में महासंघ द्वारा बदले जाने वाले पार्टस प्रदाय किये जायेंगे। अन्य Consumable सामाग्री जैसे रबर, टेफलान टेप, हीटर एलीमेंट कोडिंग आदि की व्यवस्था आवश्यकतानुसार ठेकेदार (निविदाकार) द्वारा निशुल्क की जावेगी।
- प्रतिलीटर पैकिंग दर दर्शाते हुए नियम व शर्त के साथ अपने **LETTERHEAD** पर सील बंद कर लिफाफा के साथ केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रबंध संचालक महोदय, छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित उरला बी.एम. वॉय. जिला–दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490025 के पते पर भेजें।
- प्रीपेक ऑपरेशन हेतु स्थायी कर्मचारी पार्टी द्वारा रखा जाना अनिवार्य है, जो शिफ्ट में कार्य करेंगे। मशीनों की रिपेयर हेतु अनुभवी ऑपरेटर "दिन की पाली में एक ऑपरेटर" तथा रात्रि पाली में एक ऑपरेटर रखा जाना अनिवार्य है। सर्विस इंजीनियर प्रतिदिन उपलब्ध करवाने की जवाबदारी पार्टी की होगी। उन कर्मचारियो का नियमानुसार भुगतान करना ठेकेदार की जवाबदारी होगी।
- पार्टी का ऑपरेटर एवं इंजीनियर जो पदस्थ रहेगें, महासंघ के अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य करेंगे।
- प्रीपेक ऑपरेशन की लापरवाही से लीकेज आदि की शिकायत प्राप्त होने पर पार्टी के देयक से क्षतिपूर्ति राशि पेनाल्टी के साथ कटौत्रा की जावेगी, जो पार्टी को मान्य होगा।

ठेके की समयावधिः–

- आदेश दिनांक से एक वर्ष तक का ठेका अनुबंध करना होगा।

भुगतान की शर्तेः–

- देयक पर टैक्स नियमानुसार प्रतिमाह भुगतान किया जावेगा।
- देयक का भुगतान संबंधित अधिकारी के सत्यापन पश्चात् प्रतिमाह किया जावेगा।

अन्य शर्तेः–

- ठेकेदार को टी.टी.ओ प्रिंटर पर कार्य करना होगा। अतः ठेकेदार अपनी दरें निम्नानुसार प्रस्तुत कर सकते है।

  i With Consumable Item

  ii Without Consumable Item
- निविदा में भाग लेने हेतु फॉर्म की कीमत रू. 1000.00 का डी.डी. जो वापसी योग्य नहीं है, तथा धरोहर राशि रू. 25000.00 का डी.डी. छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित रायपुर को देय होगा, जमा करना होगा। कार्य आबंटित नहीं होने पर धरोहर राशि की डी.डी. मूलतः वापसी योग्य है, एवं जिस निविदाकार को कार्य आबंटित होता है, उनका धरोहर राशि कार्यालय में सुरक्षा निधि के रूप में जमा हो जाएगी।
- सम्पूर्ण न्यायलिक प्रकरण (अगर कोई है,) रायपुर न्यायलय के अंतर्गत होगा।

Scanned by CamScanner